बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
**कार्यालय : निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना**
Email- patnazoobihar@gmail.com

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं०– SGBP 03/2026–27

## शुद्धि–पत्र

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना की चहारदीवारी के बाहरी एवं भीतरी दीवारों पर 3D पेंटिंग (सामान्य एवं प्रीमीयम क्वालिटी) के लिए आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना सं० SGBP 03/2026–27 में निम्नांकित संशोधन किया जाता है:–

**1. (क) निविदाकर्त्ता द्वारा तकनीकी बिड के साथ समर्पित किये जाने वाले कागजात**

इस कंडिका के क्रमांक IX के बाद निम्नलिखित कंडिका जोड़ा जाता है:–

क्रमांक X "निविदादाता को दिये गये क्षेत्र में डेमो के रूप में प्रीमियम क्वालिटी एवं सामान्य क्वालिटी का 3डी पेंटिंग का डेमो देना होगा, जो तकनीकी निविदा के मूल्यांकन का भाग होगा। 3डी पेंटिंग संतोषजनक क्वालिटी के नहीं पाये जाने पर निविदादाता को तकनीकी रूप से असफल घोषित किया जाएगा।"

**2.(ख) वित्तीय बिड में निम्नवत् संशोधन किया जाता है:–**

"निविदादाता, क्रय किए गए निविदा प्रपत्र पर ही सामान्य तथा प्रीमियम क्वालिटी पेंटिंग के लिए अलग–अलग प्रति वर्गफीट दर साफ–साफ अक्षरों में अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होना चाहिए। उनके द्वारा अर्पित दर में सभी प्रकार का कर सम्मिलित होगा।"

**3. वित्तीय बिड के प्रपत्र** में अर्पित दर प्रति वर्ग फीट (सभी कर, मजदूरी एवं सामग्री सहित) पढ़ा जाय।

18/04/2026

निदेशक,
संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
**कार्यालय : निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना**
Email- patnazoobihar@gmail.com

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं०– SGBP 03/2026–27

## शुद्धि–पत्र

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना की चहारदीवारी के बाहरी एवं भीतरी दीवारों पर 3D पेंटिंग (सामान्य एवं प्रीमीयम क्वालिटी) के लिए आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना सं० SGBP 03/2026–27 में निम्नांकित संशोधन किया जाता है:–

**1. (क) निविदाकर्त्ता द्वारा तकनीकी बिड के साथ समर्पित किये जाने वाले कागजात**

इस कंडिका के क्रमांक IX के बाद निम्नलिखित कंडिका जोड़ा जाता है:–

क्रमांक X "निविदादाता को दिये गये क्षेत्र में डेमो के रूप में प्रीमियम क्वालिटी एवं सामान्य क्वालिटी का 3डी पेंटिंग का डेमो देना होगा, जो तकनीकी निविदा के मूल्यांकन का भाग होगा। 3डी पेंटिंग संतोषजनक क्वालिटी के नहीं पाये जाने पर निविदादाता को तकनीकी रूप से असफल घोषित किया जाएगा।"

**2.(ख) वित्तीय बिड में निम्नवत् संशोधन किया जाता है:–**

"निविदादाता, क्रय किए गए निविदा प्रपत्र पर ही सामान्य तथा प्रीमियम क्वालिटी पेंटिंग के लिए अलग–अलग प्रति वर्गफीट दर साफ–साफ अक्षरों में अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होना चाहिए। उनके द्वारा अर्पित दर में सभी प्रकार का कर सम्मिलित होगा।"

**3. वित्तीय बिड के प्रपत्र** में अर्पित दर प्रति वर्ग फीट (सभी कर, मजदूरी एवं सामग्री सहित) पढ़ा जाय।

18/04/2026

निदेशक,
संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।

## संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना की चहारदीवारी के बाहरी एवं भीतरी दीवारों पर 3–डी पेंटिंग (सामान्य/प्रीमियम) का कार्य करने हेतु निर्धारित शर्तें।

1. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना की चहारदीवारी के बाहरी एवं भीतरी भाग पर 3–डी पेंटिंग (सामान्य/प्रीमियम) का कार्य करने हेतु दिनांक 29.04.2026 के 2.00 बजे अपराह्न तक निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में विहित प्रपत्र में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता 'तकनीकी बिड' तथा 'वित्तीय बिड' को दो अलग–अलग लिफाफों में डालकर एवं सीलबंद कर दोनों लिफाफों को एक अलग लिफाफे में डालकर सीलबंद करेंगे। तकनीकी बिड के लिफाफे पर 'तकनीकी बिड' तथा उसपर अपना नाम एवं पता अंकित करेंगे। उसी प्रकार 'वित्तीय बिड' के लिफाफे पर 'वित्तीय बिड' लिखकर अपना नाम एवं पता अंकित करेंगे। मुख्य लिफाफा जिसके अन्दर 'तकनीकी बिड' तथा 'वित्तीय बिड' के दोनों लिफाफे रहेंगे उसपर "**संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना की चहारदीवारी के बाहरी एवं भीतरी दीवारों पर 3–डी पेंटिंग**" अंकित कर अपना नाम, पत्राचार का पता एवं मोबाईल नम्बर अंकित करेंगे।

2. प्राप्त निविदाओं का 'तकनीकी एवं वित्तीय बिड' दिनांक 29.04.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में निविदाकर्त्ता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष निदेशक कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोला जाएगा। यदि कोई निविदाकर्त्ता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित नहीं होते हैं तब भी निविदा मान्य समझा जायेगा।

3. निविदा का प्रपत्र एवं शर्तों की प्रति निदेशक कार्यालय से रूपये 1,000/– (रूपये एक हजार) (जो अप्रर्त्यपणीय होगा) प्रति की दर से दिनांक 29.04.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यावधि में प्राप्त किया जा सकता है। 3–डी पेंटिंग बनाने हेतु विशेष जानकारी हेतु निदेशक कार्यालय में कार्य–अवधि में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### (क) निविदाकर्त्ता द्वारा तकनीकी बिड के साथ समर्पित किये जाने वाले कागजातः–

I- निविदादात्ता द्वारा क्रय किए गए निविदा प्रपत्र से संबंधित मनी रसीद की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। निविदा प्रपत्र वेबसाईट से अपलोड करने की स्थिति में निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में रू० 1,000/– का डिमांड ड्राफ्ट।

II- निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में रू० 50,000/–(रूपये पचास हजार) अग्रधन राशि (सत्यंकार राशि) का राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट जो पटना में भुगतेय हो।

III- पैन कार्ड की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। वर्ष 2024–25 के आयकर रिटर्न (Assessment year 2025-26) की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।

IV- जी०एस०टी० निबंधन का स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति।

V- किसी सरकारी संस्थान में किये गये कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेज।

VI- पता और पहचान से संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। (मूल प्रमाण–पत्र तकनीकी बिड खोलने के समय प्रस्तुत करना होगा)।

VII- राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा निविदाकर्त्ता का अभिप्रमाणित हस्ताक्षर।

VIII- सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदादाता का नाम दर्ज होने/न होने संबंधी घोषणा–पत्र।

IX- सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र।

निविदादाता को दिये गये क्षेत्र में डेमो के रूप में प्रीमियम क्वालिटी एवं सामान्य क्वालिटी का 3डी पेंटिंग का डेमो देना होगा, जो तकनीकी निविदा के मूल्यांकन का भाग होगा। 3डी पेंटिंग संतोषजनक क्वालिटी के नहीं पाये जाने पर निविदादाता को तकनीकी रूप से असफल घोषित किया जाएगा।

### (ख) वित्तीय बिड

निविदादाता, क्रय किए गए निविदा प्रपत्र पर ही सामान्य तथा प्रीमियम क्वालिटी पेंटिंग के लिए अलग–अलग प्रति वर्गफीट दर साफ–साफ अक्षरों में अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होना चाहिए। उनके द्वारा अर्पित दर में सभी प्रकार का कर सम्मिलित होगा।

नोटः– तकनीकी बिड में सफल निविदाकर्ता का ही वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**कार्य विवरणः—**

1. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, की चहारदीवारी के बाहरी एवं भीतरी भाग पर 3—डी पेंटिंग (सामान्य/प्रीमियम) का कार्य करने हेतु स्थल का निर्धारण और उपलब्धता संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के द्वारा किया जाएगा। चहारदीवारी एवं दीवार पर आवश्यक मरम्मति कार्य/स्मूथ सरफेस उपलब्ध कराने का कार्य संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना द्वारा कराया जाएगा।
2. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, की चहारदीवारी पर बनाये जाने वाले चित्र, 3—डी पेंटिंग वन्यजीव, वन एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित होंगे। पेंटिंग के पूर्व थीम, डिजाईन एवं विवरणी का अनुमोदन निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना से कराया जाना अनिवार्य है।
3. निविदादाता अपनी संपति एवं अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।
4. पेंटिंग से संबंधित उपकरण एवं आवश्यक सामग्री की व्यवस्था निविदादाता की होगी।
5. निविदादाता निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के दिशा—निर्देशों के अनुसार ही कार्य करेंगे। निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को साईट आवंटन, पेंटिंग सतह क्षेत्र, उपयोग किये जाने वाले रंगों आदि के संबंध में दिये गये आवश्यक निदेशों का पालन करना होगा।
6. डिजाइन नैतिक सिद्धांतों, सर्वमान्य कानून और तीसरे पक्ष के अधिकारों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं और कानूनी दोषों से मुक्त होने चाहिए।
7. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को संपूर्ण कार्य या उसके किसी भाग को संशोधित करने, बदलने, स्वीकार करने या अस्वीकार करने या किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताए कार्य को रद्द करने का अधिकार होगा। कार्य का कॉपीराइट संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पास रहेगा।
8. निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को अंतिम क्षण तक लेआउट में आवश्यक संशोधन/परिवर्तन करने का अधिकार होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंततः गुणवत्तापूर्ण कार्य प्रदर्शित किया जाए।

**अन्य शर्तेंः—**

1. प्रत्येक श्रेणी में सबसे कम दर प्रस्तुत करने वाले निविदादाता को सफल निविदादाता (एल—1) घोषित किया जाएगा।
2. यदि दो या अधिक निविदादाता के द्वारा एक ही दर अर्पित किया जाता है तो निविदा का निर्णय पर्ची निकाल कर किया जाएगा।
3. सफल निविदादाता को निविदा की स्वीकृति की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा (एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर करना होगा तथा निर्धारित कार्यावधि में कार्य समाप्त करना होगा। सफल निविदादाता के अग्रधन की राशि को जमानत की राशि के रूप में रखा जाएगा तथा सफलतापूर्वक कार्य की समाप्ति के बाद लौटा दिया जाएगा। अन्य निविदादाताओं का अग्रधन, निविदा के निर्णय के उपरांत लौटा दिया जाएगा।
4. एकरारनामा पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त ही सफल निविदादाता को कार्य करने की अनुमति दी जायेगी। उन्हें निर्धारित अवधि में कार्य समाप्त करना होगा। यदि सफल निविदादाता एकरारनामा पर हस्ताक्षर करने तथा कार्यादेश निर्गत के एक सप्ताह के अन्दर कार्य प्रारंभ करने में विफल रहते हैं तो उनके द्वारा जमा की गयी सत्यांकार (अग्रधन) की राशि राज्यसात कर ली जायेगी।
5. यदि सफल निविदादाता द्वारा कंडिका—7 का उल्लंघन किया जाता है तो वैसी स्थिति में प्रथम सफल निविदाकर्त्ता के सत्यंकार राशि (अग्रधन) को राज्यसात करते हुए निविदा समिति द्वितीय निविदादाता को कार्य दिए जाने अथवा उसी दर पर अन्य निविदादाताओं से कार्य करा सकती है।
6. सरकार को देय सभी तरह के वैधानिक करों यथा आयकर, जी.एस.टी. इत्यादि/देयताओं का भुगतान सफल निविदादाता को अलग से करना होगा जिसकी जवाबदेही सफल निविदादाता की होगी।
7. समय पर संतोषजनक कार्य समाप्त नहीं करने पर सफल निविदादाता द्वारा जमा अग्रधन/जमानत की राशि को राज्यसात करने, निविदा को रद्द कर उन्हें कृष्णचिन्हित करने

तथा भुगतान पर रोक लगाने का पूरा अधिकार निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को होगा।

8. निविदा प्रपत्र में निविदादाता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तो को पढ़ा/पढ़वाया और समझा है तथा वे सभी शर्तो को स्वीकार करते हैं। निविदादाताओं द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करने का तात्पर्य यह होगा कि उन्होंने सभी दस्तावेजों को पढ़ लिया है और कार्य/नियम व शर्तों के बारे में पूरी तरह से जानकारी प्राप्त कर ली है।
9. निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत कर दें।
10. किसी कानूनी विवाद का निबटारा पटना न्यायालय क्षेत्र के अधीन मान्य होगा।

**भुगतान की शर्तेः–**

1. निविदादाता को भुगतान चित्रित क्षेत्र के वास्तविक माप के आधार पर किया जाएगा। भुगतान चित्रित वास्तविक सतह क्षेत्र के आधार पर निर्धारित मानकों के अनुसार आवंटन उपलब्ध होने पर किया जाएगा।
2. पेंट की गई सतह के क्षेत्रफल का माप संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा लिया जाएगा, जिसे बिल के भुगतान का आधार माना जाएगा।
3. आयकर या लागू होने वाले किसी अन्य कर के लिए स्रोत पर कटौती मौजूदा नियमों/कानूनों के अनुसार की जाएगी।
4. इस कार्य के लिए संबंधित पक्षों या उसके द्वारा नियुक्त पक्षों को व्यक्ति/एजेंसी द्वारा भुगतान में चूक के लिए संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना किसी भी दायित्व से मुक्त रहेगा।
5. निविदा में निर्धारित राशि से अधिक किसी भी ऐसे कार्य के लिए, जो एजेंसी को कार्य के दौरान करना पड़ सकता है, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना किसी भी प्रकार की अतिरिक्त लागत वहन नहीं करेगा।

18/04/2026

निदेशक,
संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।

## संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना की चहारदीवारी के बाहरी एवं भीतरी दीवारों पर 3–डी पेंटिंग (सामान्य/प्रीमियम) का कार्य

### तकनीकी बिड का प्रपत्र।

| क्रमांक | तकनीकी सूचना | निविदार्त्ता द्वारा समर्पित सूचना | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदादात्ता द्वारा क्रय किए गए निविदा से संबंधित मनी रसीद की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। निविदा प्रपत्र वेबसाईट से अपलोड करने की स्थिति में निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पदनाम में रू० 1000/– का डिमांड ड्राफ्ट। | | |
| 2 | निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, के पदनाम में रू० 50,000/–(रूपये पचास हजार) के अग्रधन राशि (सत्यंकार राशि) का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट। | | |
| 3 | पैन कार्ड की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | | |
| 4 | जी०एस०टी० निबंधन का स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति। | | |
| 5 | वर्ष 2024–25 के आयकर रिटर्न (Assessment year 2025-26) की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 6 | पता और पहचान–पत्र से संबंधित स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र। मूल प्रमाण–पत्र निविदा खोलने के समय प्रस्तुत करेंगे। | | |
| 7 | राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हस्ताक्षर। | | |
| 8 | सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदादाता का नाम दर्ज होने/ न होने संबंधी घोषणा–पत्र। | | |
| 9 | किसी सरकारी संस्थान में किये गये कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेज। | | |
| 10 | सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र | | |

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर
पूरा पताः–

**संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना की चहारदीवारी के बाहरी एवं भीतरी दीवारों पर 3–डी पेंटिंग (सामान्य/प्रीमियम) का कार्य**

**वित्तीय बिड का प्रपत्र।**

1. निविदादाता का नामः–

2. पता (मोबाईल संख्या):–

| **क्रमांक** | **कार्य–विवरणी** | **अर्पित दर प्रति वर्गफीट (सभी कर, मजदूरी एवं सामग्री सहित)** | |
|---|---|---|---|
| | | **अंक में** | **अक्षरों में** |
| 1 | **3–डी पेंटिंग कार्य (प्रीमियम क्वालिटी)** | | |
| 2 | **3–डी पेंटिंग कार्य (सामान्य क्वालिटी)** | | |

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर
पूरा पताः–